पेशकार हाजिर। पी० ओ० साहब अन्य कार्यों के ढेरे पर होने से पत्रावली दिनांक 29/11/17 को पेश हो।

पत्रावली पेश हुई वादीगण वकील उपस्थित। प्रतिवादीगण की तलबी हेतु पत्रावली दिनांक 8/4/18 को पेश हो।

पत्रावली प्रस्तुत। पी० ओ० साहब अन्य कार्यों में व्यस्त होने से पत्रावली दिनांक 20/4/18 को पेश हो।

पत्रावली पेशी से गिरकर राजस्व लोक अदालत मुख्यालय झाब में प्रस्तुत जिसमें वादीगण माधोसिंह व उकसिंह ने प्रस्तुत होकर अपना बयान दिया कि हमारे रास्ते संबंधित समस्या का समाधान हो गया है। अतः अब हमारी कोई समस्या नही है। बयान का मनन करने के बाद वादीगण के अनुसार विड्रो करने के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया गया। लोक अदालत की भावना को ध्यान में रखते हुए आपसी समझौते व रजामंदी के कारण वाद को जरिए विड्रो खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार एव नंबर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

सहायक कलेक्टर चितलवाना
(उपखण्ड अधिकारी-चितलवाना)

सरपंच
पं. स. चितलवाना (जालोर)